दिनांक09.06.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

रीपा के तर्ज पर भिलाई में खुलेगा इंड्रस्टिज पार्क भिलाईनगर/ प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व वार्ड क्रं. 06 सुपेला के लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर खुलेगा रीपा के तर्ज पर अर्बन काटेज एवं सर्विस इंड्रस्टिज पार्क जिसमें युवाओं को स्वरोजगार स्टाट-अप गतिविधियों के लिए निगम क्षेत्र में स्थल उपलब्ध कराकर सुविधाएॅ प्रदान किये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा दी गई है। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल , आयुक्त आशीष देवांगन की उपस्थिति में आहुत की गई है। जिसमें भिलाई क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री द्वारा रीपा के तर्ज पर अर्बन काटेज एवं सर्विस इंड्रस्टिज पार्क स्थापना किये जाने की घोषणा कर राशि का प्रावधान किया गया है। जोन- 01 नेहरू नगर के वार्ड क्रं. 06 प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व ग्राम सुपेला के तीन खसरो में शामिल कुल 2.5 एकड़ भूमि का चयन उक्त इंड्रस्टिज पार्क के लिए चयनित कर महापौर परिषद के समक्ष प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। उक्त इंड्रस्टिज पार्क में युवा , महिला के स्वरोजगार तथा स्टाट-अप गतिविधियों के लिए भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के पास रोड, नाली, बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं के साथ औधोगिक पार्क विकसित किये जाने हेतु महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार बैठक में उपस्थित सदस्यों ने निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्र में रिक्त आवासीय/व्यवसायिक/आवास सह व्यवसाय भूखण्डो के अंतरण, निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल , कुशल एवं अर्धकुशल वाहन चालको का वेतन भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।